समाचार

महापौर ने किया वार्ड क्र. 05 का दौरा

(की नागरिकों से मुलाकात, समस्याओं की जानकारी लेकर निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 12 फरवरी 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम के वार्ड क्र. 05 की विभिन्न बस्तियों का दौरा किया। उन्होने गलियों में पैदल भ्रमण कर वहां के निवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी भी उनके साथ थे।

महापौर श्री प्रसाद ने आज कोरबा पुराने शहर स्थित वार्ड क्र. 05 धनुवारपारा, ऊपकापारा, हेमूकलाणी नगर, हाटी मोहल्ला, रानी गली आदि विभिन्न बस्तियों का पैदल भ्रमण कर वहां की समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होने वहां के निवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली। धनुवारपारा बस्ती में नाली निर्माण व मरम्मत की आवश्यकता को देखते हुए महापौर श्री प्रसाद ने इस संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बस्ती के लोगों द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण एवं सार्वजनिक शौचालय के निर्माण कराए जाने की मांग भी महापौर श्री प्रसाद से की, जिस पर उन्होने समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही कराए जाने का आश्वासन बस्तीवासियों को दिया। भ्रमण के दौरान उन्होने बस्तियों की साफ–सफाई व्यवस्था का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा साफ–सफाई कार्यो को और अधिक बेहतर रूप से संपादित करने तथा व्यवस्था को चुस्त–दुरूस्त दखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, पार्षद धनश्री साहू, एल्डरमेन बच्चू मखवानी, बनवारी पाहुजा, सुनील सिंह ठाकुर, मुस्लिम खान, अजय साहू, दीपक वर्मा, प्रीतम मखवानी, निजामुद्दीन, समारू राम चौहान, छबिलाल सोनी, मो.अख्तर आदि के साथ अन्य बस्तीवासी उपस्थित थे।